तापमान

अधिकतम 27.2 डिग्री

न्यूनतम 12.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, सोमवार 17 नवंबर 2025

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]



12 धान खरीदी शासन की प्राथमिकता : कलेक्टर





12 बिरसा मुंडा के पदचिन्हों पर चलने और समाज ...




## खबर संक्षेप

### समर्थन मूल्य पर धान खरीदी से पूर्व प्रशासन की कड़ी कार्रवाई

**महासमुंद।** जिले में विभिन्न स्थानों पर संयुक्त टीम द्वारा अवैध धान परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध सख्त अभियान चलाया गया। कलेक्टर विनय लंगेह के निर्देशानुसार कार्रवाई के दौरान कुल 557 कट्टा/बोरी धान जब्त किया गया। जिसमें ग्राम कोमाखान में एक किराना दुकान से 100 कट्टा धान जब्त किया गया। ग्राम टेमरी (तह कोमाखान) में 100 कट्टा अवैध धान की जब्ती की गई। नर्रा चेकपोस्ट में 40 कट्टा अवैध धान बरामद जब्त किया गया। ग्राम गनेकेरा में 105 पॉकेट अवैध धान जब्त किया गया तथा तहसील सराईपाली के ग्राम मोहंदा में फुटकर व्यापारी के गोदाम से 212 बोरी अवैध धान जब्त किया गया। कुल जब्त धानः 557 कट्टा/बोरी धान को संबंधित थाना में सुपुर्द किया गया। सभी मामलों में मंडी अधिनियम के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### दुर्घटना में घायल युवक की हुई मौत

**महासमुंद।** चार माह पहले राजधानी रायपुर से वापस अपने गृह ग्राम भोरिंग लौटने के दौरान बिरकोनी के पास दुर्घटना में घायल युवक की ईलाज के दौरान मौत हो गई। घटना अगस्त माह में हुई थी जिसके बाद उसे अस्पताल दाखिल कराया गया था जहा ईलाज के दौरान 15 नवंबर को उसकी मौत हो गई। कोतवाली थाना से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगाराम पिता भूखन साहू उम्र 30 साल निवासी भोरिंग 06 अगस्त को शाम करीब 6 बजे अपने मोटर सायकल में रायपुर से अपने गांव भोरिंग जा रहा था। इसी दौरान बिरकोनी मेन रोड पर तेज रफ़्तार मोटर सायकल क्र. सीजी 04 पीक्यू 0430 ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे ईलाज के लिए डीकेएस अस्पताल रायपुर में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। मामले में आरोपी बाइक क्र. सीजी 04 पीक्यू 0430 के चालक के खिलाफ धारा 184-MOT, 106(1)-NSS के तहत अपराध कायम किया गया है।

# एस्मा लागू, कर्मचारियों ने किया अर्धनग्न प्रदर्शन

## सभी हड़ताली कर्मचारी आज देंगे सामूहिक इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में धान खरीदी की शुरुआत के साथ ही गहरा संकट खड़ा हो गया है। अपनी चार-सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए जिला सहकारी समिति कर्मचारी संघ और कंप्यूटर ऑपरेटरों पर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए आवश्यक सेवा अनुरक्षण कानून (एस्मा) लागू कर दिया है। इस कार्रवाई के विरोध में कर्मचारियों ने न केवल अर्धनग्न प्रदर्शन किया, बल्कि 750 से 800 कर्मचारियों ने सामूहिक इस्तीफा देने के लिए हस्ताक्षर कर चुके हैं।

इस पूरे घटनाक्रम के चलते सोमवार को जिले में धान खरीदी का कार्य पूरी तरह से प्रभावित होने की संभावना हैं, जिससे किसानों के सामने एक गंभीर समस्या उत्पन्न होगी। कर्मचारियों की हड़ताल और सामूहिक इस्तीफे के फैसले का सीधा असर जिले के 182 उपार्जन केंद्रों पर पड़ने वाला है। कर्मचारियों के द्वारा जिले भर में आज धान खरीदी का बहिष्कार किया जाएगा। समितियों में ताले लटकने और खरीदी के लिए पहुंचने वाले किसानों को निराश होकर लौटना पड़ा सकता है। धान खरीदी शुरू न होने से किसानों के लिए एक गंभीर समस्या खड़ी हो सकती है। किसानों के लिए समर्थन मूल्य पर धान की बिक्री ही उनकी आय का मुख्य जरिया है, और इसमें विलंब होने से न केवल उनकी आर्थिक स्थिति प्रभावित हो रही है, बल्कि उन्हें आगामी रबी फसल के लिए खाद-बीज खरीदने में भी दिक्कत आ रही है।

### कलेक्टर ने लागू किया एस्मा प्रशासन का कड़ा रुख

धान खरीदी जैसी आवश्यक सेवा को बाधित होने से रोकने के लिए, जिला कलेक्टर ने तत्काल प्रभाव से एस्मा एक्ट लागू करने का आदेश जारी कर दिया। एस्मा लागू होने का सीधा मतलब है कि कर्मचारी हड़ताल पर नहीं जा सकते और उन्हें तत्काल ड्यूटी पर लौटना होगा। प्रशासन का तर्क है कि धान खरीदी सीधे किसानों के हित और सरकारी नीति से जुड़ा मामला है, जिसमें किसी भी तरह की बाधा बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



### अर्धनग्न प्रदर्शन और सामूहिक इस्तीफे की चेतावनी

कर्मचारियों संघ के अध्यक्ष जयप्रकाश साहू ने इसे लोकतंत्र में विरोध के अधिकार का हनन बताते हुए विरोध दर्ज कराया। जिला मुख्यालय पर सहकारी समिति कर्मचारियों और कंप्यूटर ऑपरेटरों ने कदम उठाते हुए अर्धनग्न प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कर्मचारी शामिल थे। अर्धनग्न प्रदर्शन के साथ ही, संघ ने अपनी विरोध दर्ज कराते हुए एक बड़ा निर्णय लिया। जिले के विभिन्न सहकारी समितियों और उपार्जन केंद्रों पर कार्यरत लगभग 750 से 800 कर्मचारियों ने एक साथ सामूहिक इस्तीफा पत्र पर हस्ताक्षर कर दिए हैं।

## सहकारी समिति कर्मचारी संघ को समर्थन देने पहुंचे अंकित



**महासमुंद।** कांग्रेसी नेता अंकित बागबाहरा जिला मुख्यालय में छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ के लगभग 15000 कर्मचारियों की चार सूत्रीय मांगों को समर्थन देने पहुंचे। विगत 13 दिन से अउ नई सहिबो, अपन अधिकार ल ले के रहीबो के नारों के साथ पांच जिले रायपुर, धमतरी, गरियाबंद, बलौदाबाजार, महासमुंद के सहकारी समिति महासंघ के लगभग 3500 कर्मचारी हड़ताल महासमुंद पहुंचे और भाजपा सरकार का ध्यान आकर्षित करने उन्होंने भीख मांग कर प्रदर्शन भी किया। अंकित ने भाजपा की डबल इंजन की सरकार को बहरी सरकार की संज्ञा दी, जिनका ध्यान सिर्फ भ्रष्टाचार को बढ़ावा देना है और दिन प्रतिदिन किसानों को किसानी के प्रति हतोत्साहित करना है।

## उठे सवाल: भाजपा पदाधिकारी और रिश्तेदारों को नौकरी देने का खेल, करोड़ों के भ्रष्टाचार की अभी से रणनीति

# शराब दुकानों में कर्मचारियों के साथ समितियों में भी ऑपरेटर उपलब्ध करा रही ईगल हंटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शराब बेचने के लिए सरकार को सरकारी शराब दुकानों के लिए कर्मचारी मुहैया कराने वाली प्लेसमेंट कंपनी द्वारा धान खरीदी केंद्रों में कम्प्यूटर ऑपरेटर भी मुहैय्या कराए गए हैं।

खास बात यह है कि इस सूची में अधिकतर कर्मचारी भाजपाई पदाधिकारी, भाजपाई पदाधिकारियों के रिश्तेदार और प्राधिकृत अध्यक्षों के पुत्र भी शामिल हैं। यह सूची आम लोगों के बीच सार्वजनिक होते ही लोगों का स्पष्ट कहना है कि भाजपाई अपनी सरकार आने का खुला लाभ लेने में जुट गए हैं। बता दें कि कंप्यूटर ऑपरेटरों की भर्ती के लिए कंपनी को 2 से 3 लाख रुपए देकर सूची में नाम जुड़वाने की भी बात उजागर हो चुकी है। लोगों का कहना है कि कंप्यूटर ऑपरेटर की पोस्ट के लिए इतनी बड़ी रकम दिया जाना और उसकी वसूली आखिर किसानों का धान ख़रीदने के दौरान होने वाली हेराफेरी से ही होगा। बता दें कि जिले की सहकारी समितियों के अध्यक्षों से नाम मंगाए गए फिर वहीं सूची ईगल हंटर कंपनी को थमा दी गई। जिसके बाद कंपनी द्वारा हू-ब-हू वही सूची कॉपी-पेस्ट करते हुए अपने लेटर पैड से जारी कर दी। हालांकि, सभी उम्मीदवार पात्रता रखते हैं। लेकिन, सवाल उठ रहे हैं कि इतने पात्र होने के बाद भी वहीं नौकरी क्यों करनी...जहां उनके रिश्तेदार भाजपाई अथवा समिति के पदाधिकारी हैं। ?

दरअसल, सहकारी समिति के कर्मचारी पिछले 13 दिन से हड़ताल पर है वहीं जिला प्रशासन द्वारा धान ख़रीदी को आवश्यक सेवा मानते हुए इन कर्मचारियों पर एस्मा लागू कर दिया है। अब कर्मचारियों की अनुपस्थिति में प्रभावित हो रही धान खरीदी के चलते राजस्व और कृषि विभाग के कर्मचारियों को खरीदी का जिम्मा दिया गया लेकिन, कंप्यूटर ऑपरेटरों की अनुपलब्धता के चलते शराब दुकान में कर्मचारी मुहैय्या कराने वाली कंपनी ईगल हंटर द्वारा इन्ह कर्मचारियों को बतौर कंप्यूटर ऑपरेटर उपलब्ध कराया गया है।





**लाखों रुपए लेकर ऑपरेटर नियुक्त किए जाने की बात सामने आई वहीं अधिकतर भाजपाईयों के रिश्तेदार शामिल**

### कुछ उदाहरण जो सामने आए

परसुली समिति में पदस्थ लेखमणि पटेल भाजपा मंडल महामंत्री है। बकमा समिति में पदस्थ गिरीश चक्रधारी भाजपा युवा मोर्चा पदाधिकारी, गौरव सिन्हा प्राधिकृत अध्यक्ष के पुत्र, चरौदा सोसायटी में लोकेश कुमार साहू प्राधिकृत अधिकारी भुवन साहू का पुत्र है। कछारडीह समिति में भाजपा कार्यकर्ता थानूराम यादव के पुत्र को कम्प्यूटर ऑपरेटर बनाया गया है। लेखमणि पटेल पहुंची चार्ज लेने सोसाइटी, मजे की बात तुरंत वहीं पर कोमाखान मंडल अध्यक्ष नितिन जैन महामंत्री पद से इस्तीफा देने के लिए बोले फिर उन्होंने कहा कि मुझे जॉइनिंग लेटर पहले दीजिए।

### जो कंपनी शराब बेचती है वहीं उपलब्ध करा रही ऑपरेटर : अंकित



अंकित ने बताया कि जो ईगल हंटर सेल्यूशंस कंपनी शराब दुकानों में भ्रष्टाचार करने के कारण समय समय में पकड़ाई है। उसी से अब धान खरीदी में करोड़ों का भ्रष्टाचार कर हिस्सेदारी की रणनीति पर भाजपा काम कर रही है। जिले के कुल 182 उपार्जन केंद्रों में से अधिकतर में भाजपा के पदाधिकारियों, प्राधिकृत अध्यक्षों के बेटे और रिश्तेदारों को काम में रख किया है।

### बाइक की टक्कर से एक की मौत, एक घायल

**महासमुंद।** ग्राम तोषगांव के धान मंडी के पास बाइक की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मामला बसना थाना क्षेत्र का है। रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है।

बसना पुलिस को प्रार्थी गौचरण डडसेना निवासी ग्राम खरोरा ने बताया कि 15 नवंबर की शाम करीब 04.30 बजे उसके पिताजी जावासिंह डडसेना अपने मोटर साइकिल स्प्लेंडर प्लस क्र सीजी06जी8925 से उसके चाचा के पुत्र चैतन के साथ भाड़ा का पैसा लेने ग्राम पझरापाली जा रहे थे और शाम 5 बजे के आसपास ग्राम तोषगांव धान मंडी के पास पहुंचे थे, तभी पीछे से आ रहे मोटर साइकिल प्लेटिना क्र सीजी06के9386 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेजी एवं लापरवाही पूर्वक तथा खतरनाक ढंग से चलाते हुये पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे प्रार्थी के पिताजी जावासिंह व पीछे बैठे चैतन मोटर साइकिल सहित गिर गये। गिरने से जावासिंह के सिर, पैर एवं हाथ तथा भाई चैतन के सिर में गंभीर चोट आई, जिन्हें पर लाज हेतु 108 एम्बुलेंस की सहायता से सीएचसी बसना ले जाया गया, डॉक्टर ने चेक करने के बाद जावासिंह की मृत्यु हो जाना बताया, वहीं चैतन का इलाज चल रहा है। मामले में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 184 मोटर व्हीकल एक्ट, 106(1), 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## जिला मुख्यालय में 16 को निकलेगी बाब गुरु घासीदास की शोभायात्रा

**महासमुंद।** प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज महासमुंद की ब्लाक स्तरीय बैठक सामाजिक भवन वार्ड नं 21 में दिनेश बंजारे प्रदेश सहसचिव, जिलाध्यक्ष विजय बंजारे, खोशिल गेंड्रे जिला उपाध्यक्ष, रेखराज बघेल जिला सचिव के विशेष उपस्थिति व ब्लाक अध्यक्ष चित्रकुमार भारती की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिला मुख्यालय महासमुंद में गुरु घासीदास जयंती व शोभायात्रा के संबंध में पूर्व वर्षों की भांति 16 दिसंबर 2025 को भव्य शोभायात्रा निकालनें व ब्लॉक के 10वीं व 12वीं के प्रतिभावान छात्रों व वरिष्ठजनों का सम्मान करने का निर्णय लिया गया। बैठक में दूसरा सबसे महत्वपूर्ण विषय में जिलाध्यक्ष व उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने जिला के सभी गांवों में गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम में फूहड़ नाच गम्मत को प्रतिबंधित कर पंथी टोली, सतनाम भजन मंडली व सतनाम संस्कृति के अनुरूप कार्यक्रम का आयोजन करने तथा गांव के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान कर भंडारा खोलकर सर्व समाज के साथ सादगी व उल्लास पूर्ण माहौल में मनाने की अपील की है। समाज को संगठित करने जिला, ब्लॉक व अठगंवा कमेटी के सभी पदाधिकारियों को सक्रियता से कार्य करने की निर्णय लिया गया। बैठक में प्रमुख रूप गणेश टंडन ब्लॉक सचिव, राजेश रात्रे जिला अध्यक्ष शिक्षा, नंद कुमार कोसरे, योगेश गेन्ड्रे ब्लॉक उपाध्यक्ष, पुरन सिंग बघेल प्रवक्ता, संतोष निराला मीडिया प्रभारी, फनेंद्र बंजारे शिक्षा प्रकोष्ठ अध्यक्ष, महेश जोशी युवा प्रकोष्ठ, अठगवा परिक्षेत्र के समस्त अध्यक्ष वेदराम गिलहरे तुमगांव, गणेश बंजारे, कृष्णकुमार भारती बेमचा, सचिव गोवर्धन खूंटे तुमगांव, विजय टंडन बेमचा, तीरथ जांगड़े मुरकी व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मोबाइल की तरह रिचार्ज की सुविधा, जिले में अभी दूर की कौड़ी अब तक लगे मात्र 65,781 मीटर, एक साल और लगेगा समय

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले के बिजली उपभोक्ताओं के लिए मोबाइल की तरह बिजली मीटर रिचार्ज करने की सुविधा अभी दूर की कौड़ी बनी हुई है। जिलें में प्री-पेड स्मार्ट मीटर लगाने का काम निर्धारित लक्ष्य से काफी पीछे चल रहा है, जिसके कारण उपभोक्ताओं को प्री-पेड बिलिंग व्यवस्था का लाभ लेने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ सकता है। जिले में प्री-पेड बिजली व्यवस्था शुरू करने के लिए विद्युत वितरण कंपनी ने एक बड़ा लक्ष्य रखा है। जिले में करीब 2 लाख 25 हजार से 2 लाख 80 हजार के बीच स्मार्ट मीटर लगाने का लक्ष्य है। यह लक्ष्य जिले के अधिकांश उपभोक्ताओं को कवर करेगा, जिसके बाद ही प्री-पेड सिस्टम को सुचारू रूप से लागू किया जा सकेगा।



हालांकि, मीटर लगाने का काम शुरू हुए काफी समय हो चुका है, लेकिन प्रगति की रफ्तार बहुत धीमी है। जिले में अब तक लगभग 65,781 स्मार्ट मीटर लगाए जा सके हैं। यानी अभी भी लगभग लाखों घरों में मीटर लगाना बाकी है। जिले में यह काम कछुआ चाल से चल रही है। कई महीने गुजर जाने के बाद भी करीब आधी आबादी अभी भी पुराने मीटरों पर निर्भर है। इस सुस्त गति को देखते हुए यह स्पष्ट है कि शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा होने में अभी एक साल से भी अधिक का समय लग सकता है।

### सूर्यघर पर फोकस, मीटर का काम भगवान भरोसे

बिजली वितरण कंपनी के अधिकारियों का अधिकांश ध्यान इस समय प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना पर केंद्रित है। छतों पर सोलर पैनल लगाने की इस महत्वकांक्षी योजना के चलते, प्री-पेड मीटर लगाने जैसे रूटीन लेकिन महत्वपूर्ण कार्य को ठेका कंपनी के भरोसे छोड़ दिया गया है। मैदानी स्तर पर काम की निगरानी और प्रगति को तेज करने का स्पष्ट अभाव दिखाई दे रहा है। जिले में प्री-पेड मीटर लगाने का काम कब तक पूरा होगा और प्री-पेड बिलिंग की सुविधा कब से शुरू होगी इसका कोई पता नहीं हैं।

### सबसे बड़ी बाधा, बकाया बिजली बिल और रिचार्ज

प्री-पेड व्यवस्था को लागू करने में मीटर लगाने की धीमी गति के अलावा, बकाया बिजली बिल भी एक बड़ी बाधा है। यह एक लंबी प्रक्रिया है और बकाया राशि वाले उपभोक्ताओं को भुगतान के लिए समय दिया जा रहा है। इसके साथ ही, मीटर लग जाने के बाद रिचार्ज की व्यवस्था को लेकर भी अनिश्चितता बनी हुई है। उपभोक्ताओं के मन में सवाल है कि वे अपना मीटर कैसे रिचार्ज करेंगे, कौन से प्लेटफॉर्म उपलब्ध होंगे, और रिचार्ज में कोई तकनीकी दिक्कत आने पर क्या होगा।

### बिजली चोरी रोकना है प्री-पेड मीटर का उद्देश्य

प्री-पेड मीटर का उद्देश्य बिजली चोरी रोकना, बिलिंग में पारदर्शिता लाना और उपभोक्ताओं को अपने उपयोग पर बेहतर नियंत्रण देना है। लेकिन जिलें में धीमी रफ्तार और अन्य बाधाओं के चलते यह सुविधा दिसंबर माह में लागू होने की पूर्व योजना भी खटाई में पड़ती दिख रही है। जब तक विद्युत वितरण कंपनी अपना फोकस नहीं बढ़ाती और ठेका कंपनी की कार्यशैली में तेजी नहीं आती, जिले के उपभोक्ताओं को मोबाइल की तरह बिजली रिचार्ज करने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ेगा।

## तकनीकी कारणों से आनलाइन टोकन नहीं कटने से किसानों की बढ़ी परेशानी

# सर्वर डाउन, टोकन तुंहर हाथ मोबाइल एप बनी मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ में समर्थन मूल्य पर धान




खरीदी शुरू हुए हैं, लेकिन जिले के अन्नदाताओं के लिए यह उत्सव फिलहाल चिंता का कारण बन गया है। सरकार ने पारदर्शिता और सुगमता के लिए टोकन तुंहर हाथ मोबाइल ऐप और ऑनलाइन सर्वर के माध्यम से टोकन जारी करने की जो व्यवस्था की है, वह तकनीकी खामियों के कारण किसानों की मुसीबत बन गई है।

सर्वर की धीमी गति और बार-बार सर्वर डाउन होने से किसान टोकन नहीं कटवा पा रहे हैं, जिससे उनकी धान बिक्री की प्रक्रिया अधर में लटक गई है। टोकन कटवाने के लिए बार-बार चॉइस सेंटर तक आने-जाने में किसानों का समय और पैसा दोनों बर्बाद हो रहा है। खेतों से कटी हुई धान की फसल को खुले में रखने पर बेमौसम बारिश या नमी से खराब होने का खतरा बना रहता है। जिले के 130 समितियों के अंतर्गत 182 खरीदी केंद्रों में पंजीकृत 1 लाख 65 हजार से अधिक किसान इस समस्या से सीधे प्रभावित हो रहे हैं। धान खरीदी के इस महत्वपूर्ण समय में ऑनलाइन टोकन सर्वर में आ रही बाधा जिले के किसानों के लिए एक बड़ी चुनौती बन गई है।

धान खरीदी के लिए ऑनलाइन टोकन सर्वर में आई दिक्कत से क्षेत्र के किसान रामाश्रय और विजय नारायण का टोकन नहीं कट पाया। सर्वर डाउन होने से किसानों कों धान बेचने के लिए मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। विपिन कुमार समेत कई किसान चॉइस सेंटरों के चक्कर काट रहे हैं। इस तकनीकी खराबी ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

### तकनीकी अड़चन ने रोकी धान खरीदी की राह

किसानों को धान बेचने के लिए टोकन की आवश्यकता होती है, जो अब पूरी तरह से ऑनलाइन माध्यम से ही जारी किए जा रहे हैं। सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक किसानों को अपने रकबे के अनुसार ऑनलाइन टोकन जनरेट करने की सुविधा दी गई है, लेकिन जैसे ही किसान टोकन काटने का प्रयास करते हैं, सर्वर या तो बहुत धीमी गति से काम करता है या फिर पूरी तरह से ठप हो जाता है।

### टोकन के लिए भटक रहे किसान, उपार्जन हुआ प्रभावित

पिथौरा, बसना, सराईपाली और महासमुंद ब्लॉक के किसानों का टोकन न कट पाने के कारण किसानों में निराशा देखी जा सकती हैं। टोकन कटने के बाद ही किसान अपनी उपज लेकर केंद्र पहुंच पाते हैं। सर्वर की लगातार समस्या से धान खरीदी का कार्य भी प्रभावित हो रहा है। कई किसान सुबह से टोकन कटाने के लिए लग जाते हैं, इस उम्मीद में कि टोकन कट जाएगा, लेकिन घंटों इंतजार के बाद उन्हें निराशा ही हाथ लगती है।

### प्रशासन ने किया दावा, जमीन पर हकीकत कुछ और

जिले के कलेक्टर और संबंधित अधिकारियों ने दावा किया है कि धान खरीदी के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं और टोकन या रजिस्ट्रेशन से जुड़ी किसी भी किसान को समस्या नहीं होगी। शुरुआती दिन में कुछ केंद्रों पर टोकन काटे जाने की सूचना भी दी गई। हालांकि, जमीनी हकीकत यह है कि यह समस्या शुरुआती दिनों के बाद भी लगातार बनी हुई है, जिससे धान खरीदी की प्रक्रिया लड़खड़ा रही है।

## राज्य प्रशासनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए हुआ तीसरा टेस्ट



**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की राज्य प्रशासनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 को ध्यान में जिला प्रशासन द्वारा कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन एवं रवि साहू अपर कलेक्टर व नोडल अधिकारी, विजय कुमार लहरे जिला शिक्षा अधिकारी के दिशा निर्देश में संचालित नवकिरण अकादमी में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की राज्य प्रशासनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए 08 टेस्ट सीरीज के क्रम में आज तीसरा टेस्ट का आयोजन किया गया। जिला समन्वयक नवकिरण अकादमी डी. बसंत साव ने बताया कि 08 टेस्ट सीरीज के क्रम में तीसरा टेस्ट पेपर विज्ञान, अर्थशास्त्र, आर्थिक सर्वेक्षण, कंप्यूटर का हुआ। जिसमें कुल 100 नंबर का पेपर हुआ इसमें विज्ञान, अर्थशास्त्र, आर्थिक सर्वेक्षण, कंप्यूटर आदि के प्रश्न पूछे गए थे। तीसरा टेस्ट पेपर में संस्था में अध्यनरत एवं संस्था के बाहर के पंजीकृत अभ्यर्थियों ने कुल 81 परीक्षार्थियों ने शामिल होकर टेस्ट दिलाया। 08 टेस्ट के क्रम में चौथा टेस्ट का आयोजन 23 नवंबर 2025, रविवार को भारत का भूगोल एवं छत्तीसगढ़ का भूगोल का टेस्ट आयोजित होगा।

## खबर संक्षेप



### भागवताचार्य की गिरफ्तारी से समाज ने जताया कानून पर भरोसा

**महासमुंद।** तखतपुर में आयोजित एक भागवत कार्यक्रम में सतनामी समाज पर अभद्र व अपमानजनक टिप्पणी भगवाताचार्य आशुतोष चैतन्य द्वारा की गई, जिसका वीडियो विभिन्न सोशल मीडिया में वायरल हुआ। तखतपुर थाना में धार्मिक भावना आहत करने व एक्ट्रोसिटी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया। परंतु, गिरफ्तारी नहीं होने से प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज युवा प्रकोष्ठ महासमुंद के पदाधिकारीगण गिरफ़्तारी की मांग को लेकर युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष तेजराम चौलिक के नेतृत्व में सिटी कोतवाली थाना पहुंचे थे। उधर, समाज के लोग बड़ी संख्या में आरोपी कथाकार की गिरफ्तारी हेतु तखतपुर थाना में भी उपस्थित रहे। अंततः पुलिस ने 15 नवंबर को कथा पंडाल से आरोपी आशुतोष चैतन्य की गिरफ्तारी समाजजनों ने आरोपी कथाकार की गिरफ्तारी पर कानून के ऊपर भरोसा जताया है।

### सूर्या नर्सिंग इंस्टीट्यूट के विद्यार्थियों ने मनाया बाल दिवस

**महासमुंद।** सूर्या नर्सिंग इंस्टीट्यूट के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा शासकीय बहुविकलांग विशेष आवासीय स्कूल में बाल दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर नर्सिंग संस्थान की टीम ने बच्चों के बीच पहुंचकर उनके साथ सार्थक समय बिताया तथा उन्हें प्रेरणादायक शैक्षिक संदेश प्रदान किए। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को नई शिक्षा पद्धतियों, सीखने के आधुनिक तरीकों तथा मनुष्य के जीवन में बचपन को सदैव जीवंत बनाए रखने की महत्ता के बारे में सरल एवं रुचिकर ढंग से जानकारी दी गई। शिक्षकों ने बताया कि बचपन केवल उम्र नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक सकारात्मक सोच है, जिसे हर व्यक्ति को बनाए रखना चाहिए। बच्चों में उत्साह बढ़ाने हेतु विभिन्न मनोरंजक एवं ज्ञानवर्धक खेलों का आयोजन किया गया, जिनमें बच्चों ने उत्सुकता से भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को मिठाई एवं उपहार वितरित किए गए, जिससे उनके चेहरे पर प्रसन्नता और उत्साह देखने लायक था। सूर्या नर्सिंग इंस्टीट्यूट का उद्देश्य समाज के विशेष बच्चों तक पहुंचकर उन्हें शिक्षा, सहयोग और संवेदनाओं का संबल प्रदान करना है। संस्थान आगे भी ऐसे सामाजिक एवं शैक्षिक कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा।

# बच्चे देश का भविष्य हैं, ऐसे में उन्हें संवारना और आने वाले कल के लिए तैयार करना हम सब की जिम्मेदारी: आफरीन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद




नालसा एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के स्टेट प्लान ऑफ एक्शन के तहत विशेष राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय दिवसों पर आयोजित होने वाले शिविर व कार्यक्रम के तहत 14 नवंबर को बाल दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया के मार्गदर्शन में शिविर आयोजित किया गया। अधिकार मित्र हरिचंद ने बताया कि बाल दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव आफरीन बानो द्वारा शासकीय मिडिल स्कूल बरोंडा बाजार और व्यवहार न्यायालय बागबाहरा के न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अविनाश टोप्पो द्वारा कार्मेल स्कूल बागबाहरा में कानून के जागरुकता विषयों पर अधारित शिविर आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद की सचिव आफरीन बानो ने कहा कि प्रतिवर्ष देशभर में 14 नवंबर को बाल दिवस के तौर पर मनाया जाता है। यह दिन देश के पहले प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिन के मौके पर मनाया जाता है। क्योंकि, उन्हें बच्चे बेहद प्रिय थे। उनका मानना था कि बच्चे देश का भविष्य होते है। वे अक्सर कहा करते थे कि बच्चे उन कलियों की तरह होते है, जिन्हें पूरी तरह से खिलने के लिए देखभाल और पोषण की आवश्यकता होती है। बच्चे ही देश का कल है, बच्चे राष्ट्र का निर्माता होते हैं। बाल दिवस केवल एक उत्सव नहीं बल्कि एक अवसर है, जब हम बच्चों के अधिकारों उनके कल्याण और उनके भविष्य की सुरक्षा के बारे में सोचने के लिए प्रेरणा मिलता है। बच्चे देश और दुनिया का भविष्य हैं, ऐसे में उन्हें संवारना और आने वाले कल के लिए तैयार करना, पूरे समाज की जिम्मेदारी है। बाल दिवस का मकसद बच्चों को उनके अधिकारों, उनके कल्याण और उनकी खुशहाली के बारे में समाज को जागरूक करने का है।

इसके अलावा बच्चों के साथ कानून से संबंधित सामान्य जानकारियों पर तर्कसंगत चर्चा की गई। बाल श्रम, बाल तस्करी एवं बच्चों से संबंधित होने वाले अपराधों के बारे में बच्चों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी। साथ ही नालसा हेल्प लाईन टोलफ्री नंबर 15100 के माध्यम से भी विधिक सलाह एवं सहायता पाने की जानकारी प्रदान की गई। इसी प्रकार आरक्षी केंद्रों में पदस्थ अधिकार मित्रों द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्रों के स्कूलों में जाकर बाल दिवस के अवसर पर शिविर आयोजित किया गया।



### बसना में एफएलएन मेला का आयोजन

**बसना।** प्राथमिक शाला गढ़फुलझर में एफएलएन मेला हर्षोल्लास के साथ हुआ। मेले में क्लास 1 से 3 तक के बच्चों ने बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान से जुड़े विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। बच्चे स्वयं करके सीखने की पद्धति से उत्साहित दिखे और हर स्टॉल पर सीखने की कोशिश करते नजर आए। कार्यक्रम में बसना बीईओ लोकेश्वर सिंह कंवर, बीआरसीसी अनिल सिंह साव, समग्र शिक्षा से अरुण प्रधान, संकुल समन्वयक एवं एफएलएन के डीआरजी नोडल शरण दास विशेष रूप से उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बच्चों की सीखने की प्रक्रिया को करीब से देखा और उनकी प्रस्तुति पर प्रसन्नता व्यक्त की। मेले को सफल बनाने में प्रधान पाठक पुनीत राम डडसेना, याज्ञसेनी हरिपाल, गोकुल प्रसाद नंद, कृष्ण किशोर यादव, शरण कुमार दास, नरेंद्र कुमार पटेल, जितेंद्र कुमार भोई का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। पूरा आयोजन विकासखंड शिक्षा अधिकारी बद्रीप्रसाद जोल्हे के मार्गदर्शन में हुआ। विद्यालय परिवार ने बताया कि ऐसे आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाते हैं और सीखने की गति को मजबूत करते हैं।



### मतदाता सूची पुनर्निरीक्षण कार्य को लेकर सजग रहे कार्यकर्ता : देवीचंद

**महासमुंद।** मतदाता सूची पुनर्निरीक्षण कार्य को लेकर भाजपा शहर मंडल की बैठक नपा उपाध्यक्ष एवं विधानसभा के बीएलओ वन देवीचंद राठी, महामंत्री पूर्व पार्षद मीना वर्मा की उपस्थिति में शिवशक्ति केंद्र नयापारा के बूथ 181 में हुई। बैठक में प्रभारी नपा उपाध्यक्ष देवीचंद द्वारा मतदाता सूची पुनर्निरीक्षण कार्य प्रत्येक बिंदु को लेकर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। बैठक में गोपाल वर्मा, पूर्व पार्षद विजय साहू, बूथ सचिव सारिका यादव, भगवती साहू, कुंती सिन्हा, पूर्णिमा शर्मा, ईश्वरी सोनी, उषा साहू, देवकी, सुरेखा, जानकी, कस्तूरी विश्वकर्मा, भुवन, पदमिनी, हेमा, सुनीता, दुर्गा, मिथलेश, विनय वर्मा आदि मौजूद रहे।

### प्राथमिक शालाओं में एफएलएन मेला का आयोजन

**महासमुंद।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के मूलभूत तत्व बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान (एफएलएन) को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से विकासखंड महासमुंद की 225 प्राथमिक शालाओं में भव्य रूप से एफएलएन मेला का आयोजन किया गया। "करके देखो, सीख के रहिबो" की अवधारणा पर आधारित इस मेले का उद्देश्य वर्ष 2027 तक प्रत्येक बच्चे को भाषाई एवं गणितीय दक्षता से पूर्णतः निपुण बनाना है। मेले की विशेषताएँ प्रत्येक विद्यालय में कुल 48 काउंटर स्थापित किए गए, जिनमें गणित 15 काउंटर, हिंदी 17 काउंटर, अंग्रेजी 11 काउंटर, बालवाड़ी के 5 काउंटर शामिल थे। सभी काउंटरों का संचालन बच्चों द्वारा स्वयं किया गया, जबकि शिक्षक मार्गदर्शक एवं पर्यवेक्षक की भूमिका में रहे। बच्चों ने भाषा, अंग्रेजी और गणित की गतिविधियों को रोचक खेल, मॉडल, टीएलएन और प्रायोगिक अभ्यासों के माध्यम से प्रस्तुत किया। विशेष निरीक्षण शासकीय प्राथमिक शाला भलेसर में आयोजित एफएलएन मेला का निरीक्षण महासमुंद जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी बीएस मंडावी तथा बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान संकुल समन्वयक ए. चंद्रशेखर डोरा, सहायक शिक्षक दुर्गा यादव, मंजू लता साहू, शिक्षा दूत मीता सिन्हा, पालकगण, बच्चे और शिक्षक उपस्थित रहे।




### बाल दिवस पर हुए सामूहिक नृत्य समेत अनेक कार्यक्रम

**सरायपाली।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय में बाल दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा संयुक्त रूप से पूजन अर्चन के साथ प्रारंभ हुआ तथा इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपनी कला कौशल का बखूबी प्रदर्शन किया। जिसमें आस्था साहू, प्रत्युषा एवं श्रेया कुशवाहा, राधिका डडसेना, अभिवादन प्रधान एवं ग्रुप, कनक पांडेय, नव्या एवं ग्रुप, कोमल साहू, बीना पटेल एवं ग्रुप, केविका अग्रवाल, विमल एवं ट्विंकल ने नृत्य कला का उत्कृष्ठ प्रदर्शन किया। प्रियांशी शर्मा एवं अपूर्वा साहू ने सुमधुर गीत प्रस्तुत किया। तनुष्का नायक एवं ग्रुप ने ₹बेटी बचाओ₹ ड्रामा का मार्मिक मंचन किया एवं आस्था साहू ने बाल दिवस के संदर्भ में भाषण दिया। बाल प्रतिभाओं के सम्मान एवं बेहतरीन अवसर मुहैया कराने, बाल दिवस के सफ़ल आयोजन के लिए धन्यवाद ज्ञापन छात्र संघ अध्यक्ष भारती पटेल द्वारा किया गया। बाल दिवस पर सेजेस प्राचार्य प्रदीप नारायण सेठ ने संबोधित करते हुए कहा कि टीम भावना से आयोजित यह बच्चों के लिए महत्वपूर्ण प्रोग्राम है,जिसमें सबको समान अवसर मुहैया कराने के लिए हम सभी अपनी प्रतिबद्धता जाहिर करते हैं और बच्चों को आगे बढ़ाने सार्थक पहल करते हैं। उन्होंने बाल दिवस के संदर्भ में इसके इतिहास,उद्देश्य आदि से बच्चों को सारगर्भित जानकारियों देते हुए अवगत कराया।

# खल्लारी में भाजपाजनों की हुई मतदाता सूची पुनर्निरीक्षण को लेकर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खल्लारी

भारतीय जनता पार्टी केंद्र, राज्य, जिला एवं मंडल संगठन के मार्गदर्शन में खल्लारी मंडल क्षेत्र में विशेष अभियान (एसआईआर) मतदाता सूची पुनर्निरीक्षण एवं शुद्धिकरण विषय पर महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। मंडल अध्यक्ष लोकेश पनुरिया के निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यशाला में बूथ क्रमांक 24 ग्राम खल्लारी के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली।



बैठक का संचालन करते हुए प्रभारी द्रोण पटेल अध्यक्ष हायर सेकंडरी स्कूल बीकेबाहरा ने बताया कि क्षेत्र में कई ऐसे परिवार निवासरत हैं जो बाहरी जिलों अथवा राज्यों से आकर स्थायी रूप से यहां रहने लगे हैं। ऐसे कई लोगों का नाम दो स्थानों पर दर्ज पाया जा रहा है, जो निर्वाचन नियमों के विरुद्ध है। इस संदर्भ में उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि बीएलओ 2 द्वारा प्रत्येक संदेहास्पद नाम का स्थल निरीक्षण किया जाए तथा सत्यापन उपरांत एक स्थान से नाम हटाकर मतदाता सूची को पूर्णतः त्रुटिरहित बनाया जाए। उन्होंने यह भी जोर देकर कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए स्थानीय मतदाता सूची का सही एवं अद्यतन होना अत्यंत आवश्यक है। जिन परिवारों के नाम किसी कारणवश सूची में दर्ज नहीं हो पाए हैं, ऐसे सभी छूटे हुए नामों का फ़ॉर्म-6 के माध्यम से तत्काल पंजीयन किया जाए। कार्यशाला में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने एकमत होकर निर्णय लिया कि एसआईआर अभियान को बूथ स्तर पर व्यापक रूप से चलाया जाएगा तथा घर-घर संपर्क अभियान के माध्यम से प्रत्येक योग्य मतदाता का नाम सूची में जोड़ने के लिए जागरूकता बढ़ाई जाएगी। कार्यकर्ताओं ने बूथवार टीम गठित करने, फ़ॉर्म भरवाने, आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध करवाने तथा मतदाता सूची को मजबूत बनाने के लिए सामूहिक प्रयास करने का संकल्प भी लिया।

इस अवसर पर बूथ की गतिविधियों, संगठन की दिशा, आगामी कार्यक्रमों और एसआईआर के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विभिन्न रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा हुई। कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह अभियान न केवल संगठन को मजबूत करेगा बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों को भी सुदृढ़ करेगा। कार्यशाला में बूथ अध्यक्ष कुबेर यदु, बूथ एजेंट पवन दीवान, युवा मोर्चा से योगेश साहू, श्रवण कुमार, रोशन निषाद, लड्डू यादव, चिंतामणि, नंद निषाद सोसायटी अध्यक्ष, किसान मोर्चा के कीर्तन साहू, होमन लाल साहू, देवकी नंदन सिन्हा उपस्थित रहे।



### बिहार चुनाव में जीत, भाजपा के सुशासन का परिणाम

**महासमुंद।** बिहार विधानसभा चुनावों में एनडीए सरकार की ऐतिहासिक जीत ओडिशा के नुआपाड़ा विधानसभा उपचुनाव का जश्न भाजपाजनों ने मनाया। वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारियों ने बिहार चुनावों के परिणाम को केंद्र और राज्यों की भाजपा सरकार के सुशासन का परिणाम बताते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की भाजपा सरकार ने 11 वर्षों के बेमिसाल कार्यकाल में भारत देश को सशक्त, समृद्ध और शक्तिशाली राष्ट्र बनाने के लिए कार्य किया है।

# बागबाहरा में जनजातीय गौरव दिवस पर हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बागबाहरा




जनपद पंचायत बागबाहरा में जनजातीय गौरव दिवस का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष केशव चंद्राकर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि उपाध्यक्ष तरुण व्यवहार ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। विशेष अतिथि के रूप में महिला बाल विकास विभाग की सभापति मधुलिका चंद्राकर, भूमिका रामलाल सिन्हा, भूपेंद्र दीवान और भगवती राजकुमार ठाकुर मंचासीन रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत धरतीपुत्र बिरसा मुंडा, वीरनारायण और गुंडाधूर के पूजन वंदन के साथ की गई। उनके शौर्य, बलिदान और जनजातीय समाज के उत्थान हेतु किए गए महान योगदान को आत्मसात करने के उद्देश्य से यह दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के उद्बोधन में जनपद सीईओ एमएल मंडावी और एडिशनल सीईओ जीआर बरिहा ने जनजातीय नायकों के संघर्ष, उनके जीवन मूल्यों तथा समाज को दिए गए योगदान की विस्तृत जानकारी दी। अंत में मुख्य अतिथि की आसंदी से जनपद अध्यक्ष केशव चंद्राकर ने जनजातीय नायकों को महान राष्ट्रनायक बताते हुए कहा कि इनके जीवन से प्रेरणा लेकर जनहित में कार्य करना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए जनजातीय समुदाय में उल्लेखनीय योगदान देने वाले नायक और नायिकाओं को श्रीफल, शॉल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने विभिन्न विभागों के बीच तालमेल बनाकर कार्य करने की आवश्यकता बताते हुए महिला बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी मीना चंद्राकर तथा पर्यवेक्षक भावना गुप्ता, रमा अग्रवाल, जामिनी बरिहा, सरोजिनी आदित्य, नूतन ध्रुव, हीरा ध्रुव, चित्रा शर्मा, मनिका ठाकुर, शकुंतला चौहान, तुलेश्वरी खूंटे, सीमा नायक और रूपा पारेशर को आदि कर्मयोगी अभियान में उनके सराहनीय कार्य हेतु सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन करो रोपण अधिकारी ऐकाल देव निषाद ने कुशलतापूर्वक किया।

# बिहार चुनाव जनता के विश्वास की जीत : भाऊराम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद



बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की जीत तथा ओड़िशा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी जय ढोलकिया की रिकार्ड मतों से जीत को भाजपा जिला उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा तथा पार्षद भाऊराम साहू ने जनता के विश्वास व भाजपा के सबका साथ, सबका विकास के संकल्प का जीत बताया है। पार्षद साहू ने कहा कि बिहार में विपक्षी दलों के नेताओं ने वोट चोरी सहित अनेक मनगढ़ंत आरोप लगाकर बिहार के जनता को बरगलाने का प्रयास किया। लेकिन, बिहार की जनता ने प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प पर भरोसा जताते हुए एनडीए को अपना समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं अपितु एक विचारधारा है, जिसे जनता ने अपनाया व देश के अधिकांश राज्यों में कमल खिलाकर भाजपा पर विश्वास जताया है।

# सेजेएस में एफएलएन मेला का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सरायपाली

राष्ट्रीय शिक्षा नीति में निर्धारित बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से ₹करके देखबो - सीख के रहिबो₹ थीम पर ₹एफएलएन मेला₹ का आयोजन स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय में उत्साह के साथ किया गया।

एफएलएन मेला का मुख्य उद्देश्य वर्ष 2027 तक प्रत्येक विद्यार्थी को भाषाई एवं गणितीय कौशल में दक्ष/निपूण बनाना है और शिक्षा को रोचक, गतिविधि आधारित बाल केन्द्रित बनाना है। एफएलएन मेला में बच्चों द्वारा लगाए गए गणित, हिंदी, अंग्रेज़ी के काउंटर काफ़ी आकर्षक, ज्ञानवर्धक रहा। विद्यार्थियों ने मेला में स्टॉल के माध्यम से अपने कला कौशल का बखूबी प्रदर्शन किया। जादुई कटोरा स्टॉल प्रभारी- लोकांक्षा ड़ड़सेना एवं शादिया आफरीन कक्षा पांचवीं ने लगाया। आंख मिचौली स्टॉल ऋषिकेश पुरी एवं दिपांशु चौधरी कक्षा- पांचवीं ने प्रदर्शित किया। आओ सीखें स्टॉल आफिया नुरी एवं आयत लखानी कक्षा पांचवीं, मैं हूं कौन स्टॉल रिया प्रधान एवं श्रद्धा प्रधान, चिन्ह कैसे- कैसे स्टॉल तनु पटेल, लावन्या साहू कक्षा चौथी, रंग अवधारणा स्टाल ऐश्वर्या तांडी एवं नीतू साहू तीसरी, रायमिंग वर्ड स्टाल नम्रता दीवान एवं जया दीवान पांचवीं, प्रीपोजिशन अवधारणा स्टाल क्षितिज टिकुलिया एवं जोयल सागर चौथी, आओ जोड़ स्टाल आरुष पंडा एवं अनुराग चौथी, समय की अवधारणा स्टाल शाश्वत दास एवं टिकेश साहू पांचवीं, लिंग अवधारणा (राजा-रानी) स्टाल नीता ताण्डी एवं अनुश्री बेहेरा चौथी, एक -अनेक अवधारणा स्टाल शिफा खान एवं भावना पटेल चौथी, आकृति पहचान अवधारणा स्टाल आरोही अग्रवाल एवं प्रत्युष्टा प्रधान तीसरी द्वारा लगाया गया। संकुल नोडल प्राचार्य जेपी पटेल ने कहा कि मेला में बच्चों के स्वयं सीखने के आनंद को देखकर मैं भी आनंदित हूं। काउंटर में बच्चों की भागीदारी, सक्रियता देखकर काफ़ी प्रसन्नता हुई, यह उनके प्रतिभा की पहचान है। सेजेस प्राचार्य प्रदीप नारायण सेठ ने एफएलएन के उद्देश्य, महत्व पर प्रकाश डाला और निपुण भारत के लक्ष्यों को शत-प्रतिशत पूर्ण करने बच्चों को स्वयं अभ्यास करके सीखने पर जोर दिया। एफएलएन मेला में खेल, पहेलियां, गणितीय प्रयोग, भाषा आधारित गतिविधियां आदि के माध्यम से सीखने को बच्चों ने आनंददायक और अनुभवात्मक बनाया।

# छात्रों ने जनजातीय नृत्य गीत, रंगोली और पोस्टर प्रदर्शनी की दी प्रस्तुति



हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

पीएमश्री बृजराज स्कूल में विश्व जनजातीय दिवस एवं बाल दिवस संयुक्त रूप से हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसएमसी अध्यक्ष अशोक नामदेव एवं प्रधान पाठक गोमती साहू द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

कार्यक्रम में आदिवासी समुदाय की समृद्ध संस्कृति, परंपरा और कला को प्रदर्शित करते हुए छात्रों ने जनजातीय नृत्य, गीत, रंगोली और पोस्टर प्रदर्शनी प्रस्तुत की। बच्चों ने जनजातीय वीर योद्धाओं विशेषकर बिरसा मुंडा के योगदान पर भाषण देकर सभी को प्रेरित किया। बाल दिवस के अवसर पर विद्यालय में कविता पाठ, चित्रकला प्रतियोगिता, खेलकूद गतिविधियां एवं ज्ञानवर्धक क्विज़ का आयोजन किया गया। शिक्षकों ने पंडित जवाहरलाल नेहरू की बाल-प्रेम और शिक्षा के प्रति दृष्टि पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को नए संकल्पों के साथ आगे बढ़ने हेतु प्रोत्साहित किया। समन्वयक सुरेंद्र चंद्राकर ने कहा कि ऐसे आयोजनों से छात्र न केवल अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हैं बल्कि समाज एवं संस्कृति के प्रति जागरूक भी होते हैं। कार्यक्रम के अंत में बिस्किट एवं चॉकलेट बच्चों को वितरित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक देवेंद्र ठाकुर, मनीषा साहू, बिमलेश्वरी दुबे, स्वाति, रेखराम ध्रुव, पूजा नेताम, डाइट छात्र अध्यापक एवं बच्चों का विशेष सहयोग रहा।

# पिथौरा विकासखंड स्तरीय स्काउट-गाइड साइकिल हाइक का आयोजन

## बच्चों ने किया 15 किलोमीटर का साइकिल हाइक, बिना बर्तन बनाया भोजन व तंबू का किया निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पिथौरा (ग्रामीण)

पिथौरा स्काउट–गाइड संघ द्वारा विकासखंड स्तरीय साइकिल हाइक का आयोजन किया गया। हाइक लीडर एवं ब्लॉक सचिव झनेश कुमार साहू के नेतृत्व में स्काउट–गाइड, रोवर–रेंजर की टोली ने बुनियादी विद्यालय पिथौरा से प्रस्थान कर भिभीडीह मार्ग होते हुए हायर सेकंडरी विद्यालय छिबर्रा तक लगभग 15 किलोमीटर की दूरी साइकिल से तय की।

यात्रा के दौरान भित्तीडीह ग्राम पंचायत द्वारा प्रतिभागियों के लिए चाय व जलपान की व्यवस्था की गई। छिबर्रा पहुंचने के बाद सभी दलों के लिए विविध कौशल पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें मुख्य रूप से तम्बू निर्माण (टेंट पिचिंग) तथा बिना बर्तन के भोजन बनाने की विशेष गतिविधियां शामिल रहीं। स्काउट–गाइड बच्चों ने आग की विभिन्न प्रकार की तकनीकें और बिना बर्तन भोजन बनाने के कई तरीकों का प्रदर्शन कर उपस्थितजन को प्रभावित किया। कार्यक्रम में




वक्ताओं ने कहा कि किसी भी बच्चे के शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, सामाजिक व आध्यात्मिक विकास के लिए स्काउटिंग से बेहतर कोई माध्यम नहीं है। हाइकिंग स्काउट जीवन का रोमांचक और महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो बच्चों में साहस, अनुशासन और स्वावलंबन की भावना विकसित करता है। इस आयोजन में विकासखंड के 18 विद्यालयों के 200 स्काउट–गाइड छात्र तथा 25 प्रभारी शिक्षक शामिल हुए। कार्यक्रम में सत्यनारायण अग्रवाल (अध्यक्ष स्काउट संघ), देवकुमारी चौधरी (उपाध्यक्ष), राजेश चौधरी (आजीवन सदस्य), गौरव चंद्राकर (ब्लॉक मीडिया प्रभारी), सरपंच नंदिनी दीवान, उपसरपंच श्याम सेन, काशीराम धीवर, ललित यादव, शीला पटेल, भगवंतीन निर्मलकर, आरती रात्रे, संतोष कुमार साहू, रामकुमार नायक, राजीव तिवारी, नरेश कुमार नायक, विजय सिंहा, रोहिणी कुमार देवांगन, नरसिंग पटेल, लेखराम साहू, विष्णुचरण पटेल, पतिराम पटेल, अंशुमन तांडी, पुष्पकांत साहू, विवेक दीक्षित, केशव पटेल, हिमांशु ठाकुर, सुकांति नायक, अनिता मोहंती, भवानी कर, निर्मला चौधरी, संतोषी ठाकुर, हेमलता सावड़े, पद्मावती ठाकुर, उर्वशी बरिहा, वेदिका सिन्हा, अरुण कुमार देवता, राजेंद्र मारकंडे (संकुल समन्वयक), राजेंद्र नंद, बबीता पटेल, खेमप्रसाद पटेल, डुलेश्वर सिन्हा, टीकाराम नायक, नीलिमा पटेल, किरण पटेल, नरेंद्र बंजारे सहित अनेक शिक्षक व ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### गढ़फुलझर में कुंभ भरण महोत्सव आज

**सांकरा।** कुंभकार महासंघ फुलझर अंचल द्वारा निर्माणाधीन लक्ष्मी नारायण मंदिर गढ़फुलझर (बसना) में कुंभ भरण महोत्सव का आयोजन 17 नवंबर सोमवार को गढ़फुलझर धाम में होगा। इस दिव्य अवसर पर बैठकी कीर्तन का आयोजन किया गया है, जिसमें संगीतमय भजन, हरिनाम संकीर्तन एवं प्रभु-स्मरण से सम्पूर्ण धाम गूंजायमान होगा। साथ ही भक्तों की आस्था एवं उत्साह का प्रतीक कलश यात्रा भी निकाली जाएगी, जिसमें सभी श्रद्धालु अपनी उपस्थिति से धार्मिक गरिमा को बढ़ाएंगे। कुंभकार महासंघ फुलझर अंचल के अध्यक्ष धर्मेंद्रनाथ राणा, मंदिर निगरानी समिति के संयोजक श्रवण कुमार राणा तथा मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष विजय पांडे ने समस्त भक्तगणों से आग्रह किया है कि वे इस आध्यात्मिक महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ के अधिकारी बनें और इस ऐतिहासिक अवसर के साक्षी बनें।



### सम्हर सोसाइटी में धान खरीदी की शुरुआत

**महासमुंद।** बागबाहरा क्षेत्र के सम्हर सोसाइटी में में पूजा अर्चना कर धान खरीदी का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष व साख समिति अध्यक्ष पिलेश्वर पटेल, सरपंच किशोर साहू, जिला संस्कृतिक प्रकोष्ठ संयोजक विनोद दीवान, कन्हैया नायक, चोवाराम साहू, सचिव चंद्रहास नायक, नीलकंठ साहू, गौकरण साहू, रतिराम पटेल, फील्ड आफिसर मोहम्मद चांद, प्रभारी मनीषा गोलछा, ऑपरेटर गूंजेश्वर आदि मौजूद रहे।



### कार्यकर्ता व सहायिका का हुआ सम्मान

**महासमुंद।** शहर स्थित वार्ड क्रमांक 26 पंचशील नगर क्लब पारा के आंगनबाड़ी केंद्र में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका दिवस मनाया गया। इस मौके पर नगर पालिका के उपाध्यक्ष देवीचंद राठी व वार्ड पार्षद पीयूष अमृत साहू द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका का पुष्प गुच्छ प्रदान कर सम्मान किया गया। उनके द्वारा कराए जा रहे एसआईआर प्रक्रिया पर बैठक कर जानकारी ली। इस मौके पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुधा रात्रे, कीरत सोनी, सहायिका उषा बघेल, द्रौपदी साहू, वार्डवासी रत्ना चंद्राकर, उर्वशी दीवान, सरोजनी मानिकपुरी आदि मौजूद रहे।

**दिशा-निर्देश : समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के संबंध में प्रभारी प्रबंधक एवं डाटा ऑपरेटरों का प्रशिक्षण**

# धान खरीदी शासन की प्राथमिकता : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- धान खरीदी में संलग्न कर्मचारियों की अनुपस्थिति पर होगी कार्रवाई
- शासन के नियमानुसार खरीदी करें, अनियमितता पाए जाने पर होंगी कार्रवाई

कलेक्टर विनय लंगेह ने वन विभाग के ट्रेनिंग हाल में जिले के महासमुंद, बागबाहरा के समस्त प्रभारी समिति प्रबंधक एवं डाटा ऑपरेटरों के प्रशिक्षण में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शासन की महत्वपूर्ण प्राथमिकता में है। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही अथवा अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसानों की धान खरीदी को राज्य शासन ने अत्यावश्यक सेवा अधिनियम एस्मा के तहत शामिल किया है, अतः धान खरीदी में संलग्न कर्मचारी की अनुपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए एफआईआर की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी प्रभारी प्रबंधक एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर दी गई जिम्मेदारी गंभीरता के साथ पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि किसानों का प्रति एकड़ 21 क्विंटल की दर से धान खरीदना सुनिश्चित करें। इस संबंध में उन्होंने कहा कि प्रतिदिन टोकन काटा जा सकता है जो आगामी सातवें दिन के लिए लागू होगा। उन्होंने बताया कि टोकन तुहर हाथ के माध्यम से सुबह 8:00 बजे से 9:00 बजे तक टोकन काटा जा सकता है एवं समिति में 9:30 बजे से शाम 5:00 बजे तक टोकन काटा जा सकता है। उन्होंने किसानों को धान बेचने के बाद शेष रकबा समर्पण के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए और ऐसे किसानों को अधिक से अधिक रकबा समर्पण करने



कहा गया है। प्रशिक्षण में धान खरीदी के संबंध में राज्य शासन के द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों का बारीकी से जानकारी दी गई एवं उनके अनुपालन के निर्देश दिए गए।

प्रशिक्षण में बताया गया कि धान आवक से पहले ही नमी का टोकन कटे हुये किसानों द्वारा लाये गये धान का फड़ में अंदर लाने के एवं गुणवत्ता परीक्षण कर लेवें। तत्पश्चात ही फड़ में धान अंदर कराए। किसी भी स्थिति में समितियों में 05 बजे के बाद धान की खरीदी ना हो। फड में रखे रिजेक्टेड तथा अधिक नमी वाले धान को 05 बजे के पहले उठा लिया जाए। ताकि, उसी दिन स्टेकिंग कर लिया जाए। किसानों को जारी टोकन के आधार पर धान खरीदी हेतु उपार्जन केंद्र में किसान उपस्थित होने उपरान्त ही किसानों को नया एवं पुराना बारदाना उपलब्ध कराया जाये। किसी भी स्थिति में किसानों को बारदाना खरीदी के पूर्व उपलब्ध नहीं कराया जाए। खरीदी केंद्रों में सभी पंजी संधारित रखा जाए। टोकन रजिस्टर धान आवक रजिस्टर, बारदाना वितरण रजिस्टर, धान खरीदी रजिस्टर, तौल कांटा रजिस्टर स्टेक रजिस्टर, धान जावक रजिस्टर, निरीक्षण पंजी आदि।

कलेक्टर लंगेह ने कहा कि धान खरीदी केंद्रों में धान के बोरों की किस्मवार तथा नये पुराने बारदाने में भर्ती के आधार पर स्टेकिंग की जाए। स्टेंसिल खरीदी केंद्रों को उपलब्ध कराएं। नये बारदाने में समिति का नाम, पंजीयन नंबर एवं धान की किस्म की छपाई अनिवार्य रुप से की जाए। धान के बोरो की सिलाई जूट रस्सी (सुतली) से करे। प्लास्टिक के रस्सी का उपयोग नहीं करना है। किसान से धान खरीदी करते समय किसान द्वारा खरीदी हेतु जारी कराये गये टोकन एवं उनके द्वारा प्रस्तुत ऋण पुस्तिका में दर्ज रकबे का मिलान कर लिया जाए। बचत रकबे का समर्पण किसान की सहमति लेकर किया जाए। सभी उपार्जन केंद्र में औसत अच्छी गुणवत्ता (एफएक्यू) के धान के किस्तवार सैंपल किसानों के अवलोकन के लिए अनिवार्य रुप से प्रदर्शित किया जाए। उपार्जन केंद्र में नमी की जांच कर किसी भी स्थिति में 14 से 17 प्रतिशत से अधिक नमी का धान क्रय नहीं किया जाए। इलेक्ट्रॉनिक कांटा बाट इस वर्ष सभी उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी हेतु इलेक्ट्रानिक काटा-बाट का ही उपयोग किया जाए। विशेष परिस्थितियों में मैन्युअल काटे बाट का उपयोग अनुविभागीय अधिकारी (स.) के अनुमति से किया जाए।

### वर्षा से बचने के लिये पर्याप्त मात्रा में प्लास्टिक बोरी, भूसा के कैप कवर व्यवस्था हो

सुरक्षा के उपाय आकस्मिक वर्षा से बचने के लिये पर्याप्त मात्रा में डैनेज (प्लास्टिक बोरी,भूसा) के कैप कवर व्यवस्था हो, साथ ही स्टेक के आस-पास नाली निर्माण कर लिया जाए। धान खरीदी केंद्र में यदि किसी व्यक्ति द्वारा गांव की औसत उपज से अधिक मात्रा धान विक्रय हेतु टोकन जारी कराया जाता है तो तत्काल इसकी जांच करे कि क्या उस व्यक्ति के पास उपलब्ध धान किसी खरीफ मौसम में उत्पादित धान है। यदि ऐसा ना होकर अन्यत्र तरीकों से एकत्रित धान हो तो किसी भी स्थिति में उक्त धान का क्रय खरीदी केंद्र में ना किया जाए। पंजीकृत किसानो की सूची सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को ऐसे किसानों की सूची जिनके द्वारा विगत वर्ष में धान विक्रय नहीं किया गया था कि सूची उपलब्ध करायी गयी है। उक्त सूची धान खरीदी केंद्रों में संधारित रखा जाए और ऐसे व्यक्ति के भूमि के विरुद्ध धान विक्रय हेतु किसी के द्वारा टोकन लिया जाता है तो तत्काल संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (रा.) को अवगत कराये तथा अनुविभागीय अधिकारी के द्वारा जांच निष्कर्ष अनुसार उस व्यक्ति से धान की खरीदी की जाए। कोचिया बिचोलिया पर नियंत्रण चिल्हर रुप से धान खरीदी करने वाले कोचियों/बिचौलियों के द्वारा समिति में धान लाकर अन्य किसानों के पंजीयन में खपाने का प्रयास किया जाता है। ऐसे व्यक्तियों से धान खरीदी ना कर इसकी सूचना संबंधित नोडल अधिकारी को तत्काल दी जाए। प्रशिक्षण में अपर कलेक्टर रवि साहू, अनुविभागीय अधिकारी अक्षा गुप्ता खाद्य अधिकारी अजय यादव, डीएमओ आशुतोष, नान नोडल अधिकारी आशीष शर्मा मौजूद थे।



### कनेकेरा में धान खरीदी शुरू

**महासमुंद।** ग्रामीण सेवा सहकारी समिति मर्यादित कनेकेरा (शेर) में धान खरीदी प्रारंभ हो चुकी हैं। अध्यक्ष हरेंद्र साहू, प्रभारी कल्पना साहू एवं ग्रामीण मन्नूलाल, पीलूराम, राजेंद्र, कंवल सिंग साहू, मानदास, दुकालू, निर्मल शर्मा आदि मौजूद रहे।

## बिरसा मुंडा के पदचिन्हों पर चलने और समाज उत्थान का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा (ग्रामीण)

- घोंच में धूमधाम से मनाई गई धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती

समीपस्त ग्राम पंचायत घोंच में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य नारायण ध्रुव रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत सरपंच पवन साहू ने की। उपसरपंच चंद्रहास साहू कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पंचायत सचिव पवन पटेल ने किया।



कार्यक्रम की शुरुआत भगवान बिरसा मुंडा के छायाचित्र पर माल्यार्पण से की गई। नरेश ध्रुव ने बिरसा मुंडा के जीवन, संघर्ष और आदिवासी समाज के उत्थान के लिए उनके अमूल्य योगदान पर विस्तृत जानकारी दी। इसी प्रकार शाला विकास समिति के अध्यक्ष छन्नूलाल साहू ने भी उनके जीवन व विचारों पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले गणमान्य व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। जिनमें डॉ. नरेश ध्रुव (आयुर्वेद विभाग) को उत्कृष्ट सेवा सम्मान, अजित खड़िया उत्कृष्ट समाज सेवा एवं वरिष्ठ नागरिक सम्मान, जाना भाई दीवान (आंगनबाड़ी सहायिका) वरिष्ठ एवं उत्कृष्ट सेवा सम्मान, मोहित ध्रुव (पंचायत सेवक) उत्कृष्ट कार्य सम्मान, ग्राम की साफ-सफाई व्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले रिक्शा चालक, सफाई कर्मचारी और दीदियों को भी सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में आयुर्वेद विभाग के कर्मचारी, ग्राम पंचायत के पंचगण तथा गांव के सैकड़ों ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ग्रामीणों ने भगवान बिरसा मुंडा के पदचिन्हों पर चलने और समाज उत्थान का संकल्प लिया। कार्यक्रम में गिरधारी दीवान, पंचम दीवान, तेज लाल यादव, संत राम साहू, वेदराम साहू, पप्पू साहू, गिरवर बढ़िया, शिव ध्रुव, दराज दीवान, धनीराम दीवान, गिरिराज, नेम उमा राम दीवान, मैक्स ठाकुर, गोपाल दीवान सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

## स्वप्निल भाजपा के जिला प्रवक्ता नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल तिवारी को भाजपा जिला प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। नियुक्ति से भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। खास तौर पर भाजपा के युवा नेताओं ने नियुक्ति पर खुशी जाहिर करते हुए कहा है कि पार्टी के जिला संगठन में युवा वर्ग की प्रभावी भूमिका नजर आएगी।



बता दें कि हाल ही में भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू ने अपनी टीम घोषित की जिसमें भाजयुमो नेता स्वप्निल तिवारी को जिला प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। तिवारी काफी समय से पार्टी संगठन में सक्रिय रहे हैं और पार्टी द्वारा सौंपे गये विभिन्न दायित्वों का बखूबी निर्वतन करते आ रहे हैं। पूर्व में वे युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष, युवा मोर्चा जिला कोषाध्यक्ष, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जैसे अन्य कई दायित्वों का निर्वहन करते रहे है। नियुक्ति पर पार्टी का आभार जताते हुए उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टियां खास तौर पर भ्रामक कांग्रेस प्रचार-प्रसार के प्लेटफार्म पर जिस तरह से लोगों को गुमराह करती है, उसका उसी ढंग से मुक़ाबला करना जरूरी है इसलिये संगठन में प्रवक्ता पद की जिम्मेदारी महत्वपूर्ण है, जिसका निर्वहन मेरे द्वारा पूरी तत्परता एवं संजीदगी से करने का भरसक प्रयास किया जाएगा।

## झलप में एसआईआर फॉर्म वितरण में लापरवाही प्रशासन की धीमी कार्यशैली से मतदाता परेशान

**झलप।** छत्तीसगढ़ में निर्वाचन आयोग ने एसआईआर अभियान को युद्धस्तर पर चलाने के निर्देश दिए हैं, लेकिन झलप में प्रशासनिक अमल बेहद सुस्त दिखाई दे रहा है। 20 वार्डों वाले इस कस्बे में करीब 3000 मतदाता रहते हैं, परन्तु बीएलओ के माध्यम से एसआईआर फॉर्म वितरण का काम कछुआ गति से चल रहा है।

कई वार्डों में अब तक अधिकांश घरों तक फॉर्म नहीं पहुंचे हैं। मतदाताओं का कहना है कि 4 दिसंबर की अंतिम तिथि तय होने के बावजूद प्रशासन ने फॉर्म वितरण को लेकर अब तक कोई गंभीर कदम नहीं उठाया है। इसके कारण लोग फॉर्म भरने और समय पर जमा करने को लेकर आशंकित हैं।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बीएलओ समय पर वार्डों में पहुंच ही नहीं रहे। कई वार्डों में फॉर्म की उपलब्धता तक सुनिश्चित नहीं की गई। और प्रशासन ने वितरण की निगरानी में पूरी तरह लापरवाही बरती है। मतदाताओं की मानें तो यदि यही स्थिति रही तो नए मतदाताओं का पंजीकरण, विवरण संशोधन और अन्य सुधार 4 दिसंबर तक पूरे कर पाना मुश्किल हो जाएगा। नागरिकों ने उच्च अधिकारियों से मांग की है कि तुरंत बीएलओ की जवाबदेही तय की जाए, फॉर्म की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए और वार्डों में वितरण की गति तेज की जाए, ताकि लोगों को अपने अधिकार से वंचित न होना पड़े।

## सायबर ठगी से बचने के लिए कठपुतली डांस के माध्यम से किया गया जागरूक

**महासमुंद।** शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों को सायबर ठगी से बचने के लिए कठपुतली डांस के माध्यम से जागरूक किया गया। यह कार्यक्रम भारतीय स्टेट बैंक के सौजन्य से आयोजित किया गया। जिसमें राजस्थान से आए कलाकारों ने कठपुतली डांस दिखाते हुए मनोरंजक ढंग से यह बताया कि सायबर ठगी से कैसे बचना चाहिए। इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक के अधिकारी एमके अग्रवाल ने बताया कि अगर ग़लती से कोई ठगी का शिकार हो जाए तो उसे तुरंत 1930 नंबर पर फ़ोन कर शिकायत दर्ज कराना चाहिए। कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य जीआर सिन्हा, वरिष्ठ व्याख्याता तोषण गिरि गोस्वामी, संजय मांझी, खोमन चंद्राकर, देवेंद्र कुमार शर्मा, तुलसी राम साहू, हेमंत खुंटे, पूजा साहू, ज्योति किरण चंद्राकर, खेमलता कंवर सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे। कार्यक्रम में सवालों के सही जवाब देने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया ।




## बेलडीह में बाल दिवस पर हुआ एफएलएन मेला, बच्चों ने लगाए विषय आधारित स्टाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा (ग्रामीण)

- विद्यालय परिसर में लगे एफएलएन मेले में बच्चों ने सीखने की अनोखी और मनोरंजक विधियों का किया प्रदर्शन

विकासखंड के सुदूर अंचल में स्थित पीएमश्री प्राथमिक विद्यालय बेलडीह में बाल दिवस पर एफएलएन मेला का आयोजन किया गया। "एक अवधारणा, एक स्टाल" कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों ने गणित, हिंदी और अंग्रेजी विषयों के आकर्षक टीएलएम (शैक्षणिक सामग्री) अपने-अपने स्टाल में प्रदर्शित किए। विशेष बात यह रही कि ये सभी टीएलएम बच्चों ने स्वयं तैयार किए थे।

विद्यालय परिसर में लगे एफएलएन मेले में बच्चों ने सीखने की अनोखी और मनोरंजक विधियों का प्रदर्शन किया, जिसे देखकर पालकगण प्रभावित हुए और बच्चों को उत्साहवर्धन किया।



कार्यक्रम में बच्चों और शिक्षकों के साथ-साथ एसएमसी सदस्य, ग्रामवासी एवं जनप्रतिनिधि भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। ग्राम प्रमुख लक्ष्मी दीप ने बच्चों को संबोधित करते हुए मेहनत और नियमित अध्ययन की सलाह दी।

संकुल समन्वयक खेमराज पटेल ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन और उनके बच्चों के प्रति स्नेह पर प्रकाश डालते हुए उन्मुक्त वातावरण में शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया। संकुल प्राचार्या ममता ठाकुर ने सभी स्टालों का अवलोकन किया तथा बच्चों द्वारा बनाए गए टीएलएम और उनकी सीखने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्राप्त की। प्रभारी प्रधान पाठक अभिषेक सिंह ने बताया कि एफएलएन योजना का मुख्य उद्देश्य बच्चों को आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता में दक्ष बनाना है, जिससे वे पठन, लेखन, विचार और अभिव्यक्ति में पूर्ण रूप से कुशल बन सकें। कार्यक्रम के सफल आयोजन में शिक्षक घनश्याम कुमार बंजारे तथा रमेश पटेल का विशेष योगदान रहा।

### बीकेबाहरा में मनाई गई बिरसा मुंडा की जयंती

**महासमुंद।** ग्राम बीकेबाहरा में आदिवासी ध्रुव गोंड समाज द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मनाई गई। भगवान बिरसा मुंडा को सभी लोगों नें श्रद्धाभाव से स्मरण किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आदिवासी ध्रुव गोंड समाज खल्लारी परिक्षेत्र (द) बीकेबाहरा के अध्यक्ष बलराम छैदेहा, ग्राम के सरपंच खेमराज साहू, डॉ. केशर दीवान, विष्णु साहू भाजपा नेता उपस्थित थे। अतिथियों ने उद्बोधन में कहा कि भगवान बिरसा मुंडा एक ऐसे जननायक थे, जिन्होंने भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद और गांधी से भी पहले अंग्रेजों के अत्याचारों के विरुद्ध संघर्ष का प्रारंभ किया था। डॉ. केशर दीवान ने समाज को उत्साहित करते हुए जननायक बिरसा मुंडा की वीरता, संघर्ष और उनके ऐतिहासिक योगदान के बारे में विस्तार से बतलाया। युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष हेमंत छैदेहा ने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए समाज के वरिष्ठजनों, मातृशक्ति और युवा प्रकोष्ठ के सभी सदस्यों व पुरखा पेन एवं समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का मंच संचालन मनोहर नेताम ने किया। इस अवसर पर सोनबाई, बिरझा बाई, जानकी बाई, मानबाई, खुमेश, चंचल, तब्बू,रिमा, पंचू मराई, हनुमान सिंह नेताम, सेवक राम, थानेश्वर, संतोष, जयसिंह, सुरेश, सुरेंद्र, टिकेश, गोपाल सहित बड़ी संख्या में उपस्थित थे।




# बिरसा मुंडा का त्याग और संघर्ष हम सबके लिए प्रेरणा: खुशवंत

## भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन, मंत्री गुरु खुशवंत साहेब हुए शरीक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आदिवासी जननायक भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती पर जिले में जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन जिला पंचायत के सभाकक्ष में किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नर्मदा ज़िले के डेडियापाड़ा से वर्चुअली जुड़कर संबोधित किया। उन्होंने बिरसा मुंडा के स्वतंत्रता संग्राम में निभाई गई ऐतिहासिक भूमिका और उनकी प्रेरणादायक विरासत का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा इस अवसर पर कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया गया।

मुख्य अतिथि मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए अत्यंत गौरव, सम्मान और प्रेरणा का दिन है। हम यहां धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस मनाने के लिए एकत्रित हुए हैं।



कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने बताया कि पिछले एक वर्ष में जिले में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के विकास के लिए पीएम योजना के तहत 3025 हितग्राहियों का आधार कार्ड, 1887 का आयुष्मान कार्ड, 2102 का बैंक खाता, 3099 का राशन कार्ड एवं 1380 हितग्राहियों का सामाजिक प्रास्थिति प्रमाण पत्र बनाया गया है। पी एम जनमन अंतर्गत 678 आवास, 26 सड़क, पेयजल, विद्युत आंगनबाड़ी की सुविधा दी गई है। कार्यक्रम में सर्व आदिवासी समाज प्रमुख भीखम सिंह, बिंझवार समाज प्रमुख हेमसागर बिंझवार, पैकरा समाज से थानसिंह दीवान, उरांव समाज से जागेश्वर उरांव, गोंड़ समाज से अरुण ठाकुर, संवरा समाज से सुरेश मालिक, कमार जनजाति प्रमुख मोती राम कमार, कोड़ियां समाज प्रमुखपंच राम, भुजिया समाज प्रमुख कौशल नेताम, खैरवार समाज प्रमुख मालो राम, गोंडवाना गोड़ समाज प्रमुख जगदीश सिदार एवं मनराखन, जनप्रतिनिधिगण, जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अनुविभागीय अधिकारी अक्षा गुप्ता सहित आदिवासी समाज के प्रतिनिधि, महिला समूह एवं स्कूली बच्चे मौजूद रहे।